आजसमाज 26/03/2026

जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुख्यवक्ता का बुके देकर स्वागत करते हुए।

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज,अंबाला छावनी में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता एवं निवेश संबंधी समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में केवल आय अर्जित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे सही ढंग से प्रबंधित करना, बचत करना और समझदारी से निवेश करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रारंभिक अवस्था से ही वित्तीय अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम में सेबी पंजीकृत प्रशिक्षक श्री आलोक कुमार ने विद्यार्थियों को वित्तीय योजना, बचत के महत्व, शेयर बाजार की मूलभूत जानकारी तथा महंगाई के प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आर्थिक स्वतंत्रता के लिए सही योजना और समझदारी से निवेश आवश्यक है। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री जसमिता हांडा द्वारा किया गया तथा सहायक प्राध्यापक सुश्री रीतिका ने तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए वक्ता का आभार व्यक्त किया, प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा अपने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रबलीन कौर, डॉ. गीता कौशिक, सुश्री कमलप्रीत कौर, डॉ. दिशा अरोड़ा एवं सुश्री गीति बिंदरा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।